कसाना होंगे पुलिस उपअधीक्षक

मसूदा (निसं)। पुलिस सेवा के अधिकारियों को इधर-उधर किया है। मसूदा पुलिस उप अधीक्षक ईश्वर सिंह को वृताअधिकारी बांदीकुई दोसा स्थानांतरित किया है। वही उदयपुर जिले के कोटडा वृताधिकारी राजेश कुमार कसाना को मसूदा स्थानांतरित किया है। बांदीकुई जिला दौसा वृत्ता अधिकारी उदय सिंह मीणा को सहायक कमाण्डेन्ट, 7वीं बटालियन आरएसी भरतपुर स्थानांतरित किया।

बिजली बंद रहेगी आज

मसूदा (निसं)। मसूदा विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता रवि खंडेलवाल ने बताया कि मंगलवार को 33/ 11 केवी जीएसएस रामगढ़ से गुजरने वाला 11 केवी फीडर देवास पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु इससे जुड़े सभी गांव की विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी।

अभिनंदन किया

मेडता सिटी (निसं)। पूर्व शिक्षा अधिकारी पुरखाराम मिर्धा की पौत्री व समाज सेवी रविन्द्र मिर्धा की पुत्री ईशिका मिर्धा के विज्ञान वर्ग में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खुशी की लहर छा गई ।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर का स्वागत

विजयनगर (निसं)। 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में होने वाली आम सभा की तैयारियों को लेकरभारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर के सोमवार को बिजयनगर आगमन पर होटल एन चन्द्रा पैलेस परिसर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में स्वागत किया गया। आगामी 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर आगमन से पूर्व बिजयनगर मण्डल नवमतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, मसूदा प्रभारी बलराम दुन, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड के मुख्य आतिथ्य मेनव मतदाता संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा द्वारा नव मतदातो से संवाद करते हुए अजमेर मे होने वाली प्रधानमंत्री की आमसभा में देश की युवा शक्ति को 31 मई को अजमेर आने का पीले चावल देखकरन्योता दिया। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ,युवा मोर्चा राजस्थान अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड , भाजयुमो जिला अध्यक्ष अर्जुन नलिया, नगरपालिका चेयरमैन अनीता मेवाड़ा, जिला महिला देहात अध्यक्ष मुकेश कंवर राठौड़, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष यश मीणा , पूर्व जिला मंत्री कैलाश गुर्जर, पूर्व मंण्डल अध्यक्ष सतीश ओझा , जिला आईटी संयोजक ज्ञानचन्द प्रजापत पार्षद मनीष वैष्णव ,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रद्युमन व्यास, मण्डल प्रवक्ता प्रदीप सिंह भदोरिया , गोपाल साहू, गोपाल रावत , अशोक मेहता , करण सिंह , राधेश्याम त्रिपाठी, मदन प्रजापत , मुकेश प्रजापत , मुकेश चौधरी , अमित लोढ़ा अमर सिंह राठौड़ बालचंद जांगिड़ , सम्पत सैन , चन्द्रप्रकाश गर्ग , ओम प्रकाश शर्मा मुकेश चौधरी माधव शुभासिया युवा छात्र-छात्राएं बैठक में मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर यात्रा को लेकर कांग्रेस जनों ने तैयारियां की।

यज्ञ के बाद शोभायात्रा

ब्यावर (निसं) महेश नवमी, माहेश्वरी समाज के वंशोत्पाति दिवसके अवसर पर मुख्य संयोजक विट्ठल राठी ने बताया अध्यक्ष सुनील मूंदड़ा, मंत्री पुरषोत्तम जाजू ,महिला परिषद की अध्यक्षा सुलक्ष्मी तोषनीवाल, सेवा संगठन अध्यक्ष अनिल सोमानी ने भगवान महेश की प्रतिमा दीपक प्रज्ज्वलित कर चांग चितार रोड स्थित छात्रावास में अंताक्षरी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया ।सह संयोजक कृष्णा भूतड़ा ने बताया की लगभग 15 टीम की प्रतियोगिता रही। प्रातः 8 बजे पाली बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में यज्ञ के पश्चात से विशाल शोभायात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा में समाज की महिलाओ ने शक्ति ने कलश उठाए जिसकी भी प्रतियोगिता रखे गईं। सेवा संगठन मंत्री अंकुर काबरा ने बताया की भव्य शोभा यात्रा राज राजेश्वर जय घोष की टीम द्वारा जय महेश के जयकारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से निकलते हुए पुनः माहेश्वरी भवन पहुँची तथा समाज बंधु द्वारा मार्ग में अभिनंदन किया गया।अनिल कांकाणी ने बताया की शोभायात्रा में निशुल्क लाटरी के टिकिट का वितरण हुआ जिसका ड्रा सायकालीन समापन समारोह में निकाला जाएगा।

सार-समाचार

चिकित्सालय में तीन कूलर भेंट

ब्यावर (निसं) राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के पीएमओ डॉ सुरेन्द्र सिंह चौहान के अनुठाह पर भामाशाह श्रीमती मोहिनी देवी धर्मपत्नी नानकराम आसनानी ने तीन कूलर मरीजो के हितार्थ राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के पीएमओ को सौंपे।समाज सेवी नरेंद्र जेसवानी की प्रेरणा से चिकित्सालय में भेंट किये गए तीन कूलर सीसीयू वार्ड, फीमेल मेडिकल वार्ड तथा कमरा नंबर 22 में लगाया गया है ।डॉ सुरेन्द्र सिंह चौहान ने भामाशाह परिवार नानकराम आसनानी , सुनील आसनानी का माला पहनाकर एव मोहिनी देवी को पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।एमआरएस सदस्य नरेंद्र जेसवानी ने बताया कि आसनानी परिवार द्वारा पूर्व में भी मरीजो के हितार्थ चिकित्सालय में ठंडे पानी की मशीन तथा पांच कूलर भेंट किये गए थे।पीएमओ चौहान ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सुनील आसनानी, गुलाबराय रामचंदानी,अमृतलाल आदि उपस्थित थे।

सांसद ने बांटे पीले चावल

पुष्कर (निसं)। 31 मई को होने वाली प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सांसद भागीरथ चौधरी विधायक सुरेश सिंह रावत ,पालिका अध्यक्ष कमल पाठक ,विधानसभा के प्रभारी हिम्मत सिंह झाला ,उपाध्यक्ष नगर पालिका श्री शिव स्वरूप महर्षि, मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी, घनश्याम भाटी सहित कार्यकर्ताओं ने आमजन को पीले चावल बांटकर सभा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आव्हान किया।

सचिव बनने पर स्वागत

ब्यावर (निसं) भारतीय दिव्यांग यूनियन राजस्थान की ओर से जिला अध्यक्ष राधेश्याम भट्ट के नेतृत्व मे स्थानीय अजमेरी गेट इमामबाडे में पप्पू पहलवान के ब्यावर ब्लाक कांठोस कमेटी में सचिव पद पर नियुक्त होने पर यूनियन के पदाधिकारिओं और सदस्यों द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

मुदिता शर्मा ने जिला कलेक्टर से की शिष्टाचार भेंट

नागौर । हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 23 मई को जारी किए गए सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणाम में 381वां स्थान हासिल कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित मेड़ता नागौर निवासी मुदिता शर्मा ने सोमवार को जिला कलेक्टर पीयूष समारिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर नागौर जिले का नाम रोशन करने पर मुदिता शर्मा को शुभकामनाएँ दी। इस दौरान मुदिता शर्मा ने जिला कलेक्टर से सिविल सेवा में कार्य करने के विषय पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ उनके पिता भगवती लाल शर्मा व माता पार्वती देवी भी मौजूद रहे।

विद्या भारती के विद्यालय में अध्ययन रत रही बालिका मुदिता शर्मा के भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने पर आदर्श शिक्षण संस्थान नागौर में भावभीना स्वागत किया गया। आदर्श शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित मीरा बाल मंदिर मेड़ता में शिशु वाटिका से लेकर उच्च प्राथमिक कक्षा में अध्ययनरत रही मुदिता द्वारा इस अवसर अपने अपने विद्यार्थी काल का स्मरण किया गया तथा 20 साल बाद मिले अपने गुरुजन के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्या भारती जोधपुर प्रांत के संस्कार केंद्र, शिक्षक शिक्षा प्रभारी रुद्र कुमार शर्मा के विशेष आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुदिता के पिता प्रधानाचार्य भगवती लाल शर्मा व माता श्री पार्वती देवी भी मंचीय अतिथि के रूप में विराजमान थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श शिक्षण संस्थान के जिलाध्यक्ष हरिराम धारणिया द्वारा की गई।इस अवसर पर अपने संबोधन में भगवती लाल शर्मा ने कहा कि मीराबाल मंदिर में अध्ययन का समय बालिका के जीवन का मील का पत्थर साबित हुआ। जहां हिंदी भाषा के बेस पर हिंदी साहित्य विषय लेकर प्रशासनिक सेवा में चयनित होना महत्वपूर्ण बात है। अपने संबोधन में रूद्र कुमार शर्मा ने कहा कि संकल्प से ऊंचा कोई शिखर नहीं है ।

संकल्प मजबूत हो तो सिद्धि को पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने मुदिता शर्मा उन्होंने कहा कि 18 जून को शारदा बाल निकेतन के विशाल परिसर में विशाल नवोदय नवोन्मेष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी राष्ट्रवादी भजन गायक प्रकाश माली के साथ साथ सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र के विभिन्न विशिष्ट व्यक्तित्व का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने सभी बंधुओं से इस कार्यक्रम में अधिकतम संख्या में सहभागिता करने का आठाह किया। उन्होंने कहा कि तब तपस्या के सहारे बड़ा पद प्राप्त करना तो सरल है लेकिन पद प्राप्ति के बाद अहंकार रहित तथा संवेदनशीलता पूर्ण जीवन व्यतीत करना उससे भी कठिन कार्य है उन्होंने मुदिता नाम के अनुरूप संपूर्ण समाज को मुदित करने का आ ान किया।इस अवसर पर नव चयनित मुदिता शर्मा ने कहा कि आज वर्षों बाद विद्यालय की प्रार्थना, दीप मंत्र, दीप प्रज्वलन, देशभक्ति सामूहिक गीत सुनकर हृदय में अपनेपन का भाव प्रगाढ़ हुआ है।जो दीप बचपन में विद्यालय की प्रार्थना सभा में अन्य अतिथियों के लिए तैयार किया करते थे वही दीपक आज स्वयं प्रज्वलित करने का सौभाग्य मिला है यह बहुत ही मार्मिक और गर्व का विषय है। विद्या भारती से मैंने संस्कार सीखें हैं।जीवन में हमेशा देने के भाव को प्रमुखता देना सीखा है।देने का भाव हमेशा सकारात्मक सोच का निर्माण करता है जबकि लेने का भाव व्यक्ति के जीवन को नकारात्मकता से भर देता है।भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के साक्षात्कार में भी विद्या मंदिर द्वारा प्राप्त संस्कार बहुत सहयोगी सिद्ध हुए।विद्या भारती ने मेरे व्यक्तित्व का निर्माण किया है। अपने विद्यालय के इसी मंच से मैंने बोलना सीखा।विद्या भारती की बौद्धिक प्रतियोगिता ने मुझमें छुपी प्रतिभा को उजागर किया।इस अवसर पर मुदिता ने शाला परिवार के शिक्षकों की साक्षात्कार तथा शिक्षा के हिंदी माध्यम से संबंधित अनेक जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के राजस्थान क्षेत्र संयोजक शरद कुमार जोशी ने किया जबकि संस्थान के व्यवस्थापक हनुमान सिंह देवड़ा ने अतिथियों का परिचय करवाया। इस अवसर पर उम्मेदसिंह सिंह राजपुरोहित, जिला सचिव राम सिंह राठौड़ गेनाराम गुरु, सीमा मिश्रा, मोना व्यास, बालकिशन भाटी, प्रेमाराम गुरु, मनीष शर्मा, उम्मेद राज, घासीराम चौधरी, राम प्रसाद कासनिया, मेघराज राव,अरविंद बोड़ा, जंवरीलाल जांगिड़ सहित अनेक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, ओमकार ध्वनि, शांतिपाठ, कल्याण मंत्र, गायत्री मंत्र भी हुआ। कार्यक्रम में सामूहिक गीत जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो का समवेत गान हुआ जिसका नेतृत्व सरिता राव व भोजाराम ने किया।

शोभा यात्रा की अगवानी की

अजमेर (कासं)। महेश नवमी जयन्ती महोत्सव के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा का कांग्रेसियों ने सोमवार को आगरा गेट पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति अजमेर के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती एवं पीसीसी सदस्य डाँ राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल ने बताया कि राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर रेवाडी की आरती की। शोभायात्रा में मदन बाहेती उमा शंकर मोदानी सहित माहेश्वरी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने निगम अध्यक्ष राठौड़ का साफा पहना कर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांठोस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल, अजय कृष्ण तैनगोर, नोरत गुर्जर, जुलियस क्लेमेट, ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद मोहम्मद, शैलेंद्र अग्रवाल, पवन ओड, पार्षद सर्वेश पारीक, नितिन जैन, हेमंत जोधा, उमेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसियों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया।

महेश जयंती पर शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। माहेश्वरी समाज की ओर से महेश जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। माहेश्वरी पंचायत भवन में भगवान महेश की पूजा अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में शामिल नयनभिराम झांकिया, ढोल बेंड सहित भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन पर नाचते गाते समाजबंधु आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य मार्गो पर भारत विकास परिषद, जैन समाज, सिंधी समाज, मोर्निंग वाकर ग्रुप, अगरवाल समाज के अलावा सांसद भागीरथ चौधरी, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, भाजपा युवा नेता डॉ विकास चौधरी ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। अध्यक्ष रामनारायण झंवर, जयंती संयोजक राधामोहन सारदा, विजय शारदा, भगवान बाहेती, प्रचार प्रभारी अनिल लढ़ा, रमेश चांडक, मोहन काबरा, रसिक दरगड, अजय काबरा, धर्मेंद्र कांकाणी, गोपाल काबरा, जुगल जैथलिया, किशन बंग, सीए रमेश राठी, सर्वेश्वर मंत्री, सुरेश सारदा, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता मंत्री, अलका मूंदडा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, विधानसभा प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा नेता विकास चौधरी, सभापति दिनेश सिंह राठौड़, शशिकांत पाटोदिया, वैदप्रकाश दाधीच ने महेश विहार में आयोजित महाभोज में शामिल होकर शुभकामनाए दी और 31 जून को अजमेर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा में शामिल होने के लिये निमंत्रण दिया। साथ हीमाहेश्वरी समाज किशनगढ़ शहर द्वारा महेश जयंती मनाई गई। संयोजक शिवशंकर काबरा ने बताया कि पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल मेघावी बच्चो के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चो का सम्मान किया। अध्यक्ष घनश्याम मूंदड़ा एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

माहेश्वरी समाज की ओर से महेश जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई।

घरों पर नहीं आ रहा पानी

अजमेर । अजमेर में लंबे समय से चल रही जल वितरण व्यवस्था की समस्या को लेकर वार्ड 62 के पार्षद नरेंद्र तुनवाल लोहाखान सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों के साथ सांकेतिक रूप से नहाने और कपड़े धोने के लिए अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुचेंगे और घेराव करेगे।

पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि लंबे समय से पीड़ा बताने के बाद भी लोगों के घरों पर पानी नहीं पहुंच रहा। इस कारण आमजन की पीड़ा अफसरों तक पहुंचाने के लिए क्षेत्रवासी सांकेतिक रूप से नहाने एवं कपड़े धोने के लिए पहुंचेंगे।

पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि शहर में 72 से 96 घंटे के बाद पानी की सप्लाई दी जा रही है। जबकि यह सफाई 48 घंटे के भीतर देनी चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और नेताओं की ओर से 24 घंटे में पानी की सप्लाई देने के वादे किए गए हैं।

इसके बावजूद भी समय पर समाधान नहीं किया जा रहा पानी की किल्लत आम जनता को लगातार परेशान कर रही है. अलग-अलग स्थानों पर पानी का रिसाव और पाइप लाइन फूटने की घटनाएं भी सामने आती रही है. लेकिन उनका कोई समय पर निस्तारण नहीं होता पानी की सप्लाई का समय भी निश्चित नहीं है।

पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि गर्मी का सीजन चल रहा है, लोगों का दम निकल रहा है उसमें एक बाल्टी पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ जल संस्थान के कार्यालय में ताला डालकर उठा प्रदर्शन किया जाएगा।

पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री महेश जोशी को पत्र लिख कर इस समस्या के बारें में अवगत करवाया तथा जल आपूर्ति करने की माँग सहित अधिकारियों के खिलाफ़ भी सख्त कार्यवाही करने की माँग की।

सौरभ मंगल ने किया शोध-पत्र प्रस्तुत

ब्यावर (निसं) स्कॉटलैण्ड में अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में दुनिया भर के सौ शीर्ष वैज्ञानिको के समक्ष सौरभ मंगल ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। शहर के इतिहास बक्ता वासुदेव मंगल के पौत्र, केबीसी विजेता अरुण मंगल के भतीजे और फोटो जर्नलिस्ट प्रवीण मंगल के सुपुत्र सौरभ मंगल ने अपने देश के साथ शहर का नाम भी रोशन किया है। स्कॉटलैण्ड की राजधानी एडिनबर्ग में दिनांक 22 से 24 मई 2023 तक तीन दिवसीय छठी अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कांफ्रेंस आयोजित हुई थी। इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास में शोध कर रहे सौरभ मंगल ने अपने संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए रक्षा भारतीय अनुसंधान एवं विकास संस्थान के सहयोग से एप्लाइड मैकेनिक्स में एयरो-इंजन के संदर्भ में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

शिविर में आमजन को मिली राहत

नागौर । राज्य सरकार द्वारा आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए प्रदेश में महंगाई राहत कैम्पों तथा प्रशासन गांवों के संग व प्रशासन शहरों के संग शिविर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित किए जा रहे है। इसके तहत जिले में सोमवार को भी निर्धारित स्थानों पर कैम्पों का आयोजन किया गया तथा आमजन का रजिस्ट्रेशन कर मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए। साथ ही इस दौरान आयोजित हो रहे प्रशासन गांवों के संग एवं प्रशासन शहरों के संग शिविरों में आमजन की बिजली, पानी, भूमि बंटवारें व परिवर्तन, भरण पोषण तथा विकलांगता प्रमाण पत्र, पेंशन से जुडी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि सोमवार को जिले में महंगाई राहत कैम्पों में 100 स्थाई राहत कैम्पों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में प्रशासन गांवों के संग एवं नगरीय वार्डो में प्रशासन शहरों के संग शिविर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में 100 स्थाई महंगाई राहत कैम्प जिला प्रशासन द्वारा राजकीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशासन गांवों के संग अभियान तथा प्रत्येक नगरीय वार्ड में प्रशासन शहरों के संग अभियान के साथ 2 दिवसीय महंगाई राहत कैम्प का आयोजन हो रहा है।

इस प्रकार जिले की सभी 497 ग्राम पंचायतों एवं 523 नगरीय वार्डों में कैलेण्डर के अनुसार 2 दिवसीय कैम्पों का आयोजन होगा। इन कैम्पों में रजिस्ट्रेशन एवं मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरण के लिए पर्याप्त काउंटर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 30 जून तक किया जाएगा । नागौर जिले में महंगाई राहत शिविर सोमवार को जिला मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत छीला व मकोड़ी तथा मूंडवा उपखंड की बलाया, उपखण्ड जायल की ग्राम पंचायत जोचिणा, खींवसर की खटोड़ा, मेड़ता की कलरु व मोकलपुर, डेगाना की मांझी व चांदारुण, रियांबडी की बड़ायली व चुंदिया, डीडवाना की दौलतपुरा व मौलासर की दीनदारपुरा, लाडनूं की सुनारी व दुजार, मकराना की मनाना व कालवाबड़ा, नावां की मीण्डा व देवली कलां, कुचामनसिटी की चांदपुरा व चारणवास तथा परबतसर की बिदियाद व पीपलाद ग्राम पंचायत में आयोजित किए गए। नागौर जिले में महंगाई राहत शिविर मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत छीला व मकोड़ी तथा मूंडवा उपखंड की ग्राम पंचायत बलाया, उपखण्ड जायल की ग्राम पंचायत जोचिणा व बरनेल, खींवसर की खटोडा, मेडता की कलरु व मोकलपुर, डेगाना की मांझी व चांदारुण, रियांबड़ी की बड़ायली व चुंदिया, डीडवाना की दौलतपुरा व मौलासर की दीनदारपुरा, लाडनूं की दुजार व बाकलिया, मकराना की मनाना व कालवाबड़ा, नावां की मीण्डा व देवली कलां, कुचामनसिटी की चांदपुरा व चारणवास तथा परबतसर की बिदियाद व पीपलाद ग्राम पंचायत में आयोजित किए जाएंगे।

रॉयल्टी कर्मियों पर फायरिंग का आरोप

भीलवाड़ा। जिले के करेड़ा थाने से क्षेत्र में रॉयल्टीकर्मियों ने कथित तौर पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा करते हुये हवाई फायर किया है। चालक ने ट्रैक्टर को गांव में घुसा दिया। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरु की है। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया हवाई फायर की पुष्टि नहीं हो पाई है।

आम सूचना

मेरी पत्नी मनभर पत्नी सत्यनारायण जाति रेगर निवासी गोठीयाना की मृत्यु दिनांक 26-12-2015 को मेरे निवासी स्थानी गोठीयाना में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत गोठीयाना में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पत्नी मनभर का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- सत्यनारायण रेगर पुत्र श्रवण जाति रेगर निवासी गोठीयाना तह. अरांई (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत, शिखरानी पंचायत समिति मसूदा जिला-अजमेर (राज.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 को लिये ग्राम पंचायत शिखरानी में ग्राम पंचायत का 40 बीघा खेत कास्त हेतु 1 वर्ष के लिये ठेका कास्त पर दिया जाना है व प्रतिवर्ष की भांति पथकर हेतु पथकर ठेका प्रति ट्रोली / प्रति दर पर सामग्री जैसे पत्थर, गिट्टी, बरडा इत्यादि सामग्री ग्राम पंचायत सीमा के बाहर जाने वाले पर लागू होगा। प्रति ट्रोली की दर 50 रुपए दर होगी। उक्त ठेका 1 वर्ष के लिये किया जावेगा। इच्छुक बोलीदाता नियत दिनांक 01/06/2023 को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 10 A.m से 2 P.m. तक बोली लगा सकेगा। आवेदन कर्ता आवेदन के साथ 20,000 हजार रुपये चैक/नगद जमा कराकर बोली में भाग ले सकेगा।

अन्य शर्त कार्यालय समय में देखी जा सकेगी। ठेका देने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत कमेटी को होगा। किसी भी प्रकार का वाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मसूदा रहेगा।

सरपंच, ग्राम पंचायत शिखरानी, पं.स. मसूदा (अजमेर)

पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव का समापन

ब्यावर (निसं) सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव के 21 दिवसीय पखवाड़े का समापन आशापुरा माता धाम में रविवार को ''हिन्दू महासंगम विशाल जनसभा के रूप में हुआ। जिसमे नरवर से दिवेर सहित ब्यावर परियोजना क्षेत्र के सर्व हिन्दू समाज ने हजारों की संख्या मातृशक्ति, पुरुष एवं युवा शक्ति ने भाग लिया।

संत सानिध्य बरड़ वंशीय चौहान गुरुद्वारा पीठाधीश्वर आयस बख्तावर वन जी महाराज एवं श्री रामकृष्ण दास जी पाटन बदनोर के सानिध्य में ''हिन्दू महासंगम'' में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष प्रताप सिंह नागदा, ब्यावर परियोजना के अध्यक्ष छोटू सिंह चौहान, समारोह की अध्यक्षता सम्राट पृथ्वीराज जन्म उत्सव समिति संयोजक गोपाल सिंह रावत एवं समिति अध्यक्ष पूरण सिंह रावत धर्मा भाई राजियावास ने की।ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, रायपुर प्रधान कमला चौहान, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, नगर परिषद सभापति नरेश कनौजिया सहित अन्य गणमान्य सरपंच पंचायत समिति सदस्य जिला परिषद सदस्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। सामाजिक संगठनों में रावत चीता मेहरात हिंदू महासभा अध्यक्ष दुर्गा सिंह चौहान, रावत महासभा पुष्कर अध्यक्ष शैतान सिंह रावत, राजस्थान रावत राजपूत महासभा अध्यक्ष नारायण सिंह सेंदड़ा, वाल्मीकि समाज, माली समाज, साहू समाज, जैन समाज, ब्राह्मण समाज, अठावाल समाज सहित सर्व हिन्दू धर्म के विभिन्न समाज गणमान्य जन उपस्थित रहे।युवा प्रमुख विक्रांत सिंह रावत ने बताया कि हिंदू महासंगम को संबोधित करते हुए आलोक कुमार ने कहा कि चीता मेहरात काठात गोत्र हिंदू समाज का अभिन्न हिस्सा है इसको सनातन धर्म से अलग करने का कुत्सित प्रयास छल द्वारा किया जा रहा है। जब-जब हिंदू घटा है तब तक भारत बटा है, पाकिस्तान और बांग्लादेश इसके जीवंत उदाहरण है, समर्थ हिंदू सशक्त हिंदू, समर्थ भारत सशक्त भारत ही हमारा ध्येय होना चाहिए, सनातन धर्म अक्षय अजर अमर अविनाशी है।

निकाली शोभायात्रा

शाहपुरा । स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान 25 मई से 29 मई तक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के मीडिया प्रकोष्ठ के रामप्रकाश काबरा ने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताएं,सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें प्रथम, द्वितीय रहने वालों को पारितोषिक दिया गया तथा समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। रविवार रात्रि को भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें सुनील समदानी एंड पार्टी द्वारा धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। समाज के अध्यक्ष रामप्रसन्न लाहोटी, मंत्री मनोज बेली ने बताया सोमवार सवेरे यज्ञ का आयोजन किया गया एवं दोपहर 4 बजे बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो माहेश्वरी पंचायत भवन से शुरू होकर सदर बाजार, बालाजी की छतरी, बद्री का चौक, सिंचाई विभाग, कोठार मोहल्ला,नया बाज़ार, रामकोठी पहुंची। स्नेह मिलन भोज का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में महेश भगवान, शिव,राधा कृष्ण, सांवरिया सेठ की झांकियां सजाई गई।

भाजपा शहर मण्डल द्वारा मोदी की आमसभा को लेकर बांटे पीले चावल

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन को पीले चावल बांट कर मोदी की सभा में आने के लिए निमंत्रण दिया।

सरवाड़ (निसं)। भाजपा शहर मण्डल द्वारा आज सब्जी मंडी सदर बाजार हलवाई गली आदिनाथ बाजार दुधाड़िया बाजार में आमजन को पीले चावल व पत्रक बांटकर अजमेर में आयोजित प्रधानमंत्री की आमसभा का निमंत्रण दिया और सबसे 31 तारीख को सुबह 9 बजे बस स्टैंड सरवाड़ है सामूहिक वाहनों द्वारा अजमेर चलने का निवेदन किया।

इस अवसर पर केकडी विधानसभा संयोजक श्याम शर्मा पूर्व विधानसभा विस्तारक राजेश ढाका, भाजपा नेता मिथलेश गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष ताराचंद अजमेरा मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल खटीक सोशल मीडिया जिला संयोजक महेश बोयत नासिर मंसूरी प्रदेश डाटा संयोजक उज्जवल जैन,युवा मोर्चा जिला महामंत्री देवव्रत सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष कन्हैया लाल माली,घनश्याम वैष्णव महामन्त्री कुशल किशोर सोनी,पार्षद गणेश माली उपाध्यक्ष कैलाश घारू, संयोजक नीरज वैष्णव, सुखलाल प्रजापत,सोशल मीडिया संयोजक धीरज योगी, बूथ अध्यक्ष अचलु सेवता रौनक व्यास सूरज माली अब्दुल करीम खिलची सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, जहाजपुर जिला-भीलवाड़ा

E-mail: mbjahazpur@gmail.com Contact: 01485-230101

क्रमांक / नपाज / 2023-24 / 297 दिनांक - 25 / 05 / 2023

लोक सूचना (आम सूचना)

निम्न आवेदक ने पालिका कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि